MID-TERM EXAMINATION

Question Paper 2024-25

NCERT BASED SYLLABUS

FOR CBSE AND STATE BOARD
FOLLOWING NCERT

MID-TERM EXAMINATION

SESSION: 2024-2025

SUBJECT: HINDI

CLASS – VIII

Time Allowed: 3 Hrs 15 Mins **Max. Marks: 80**

General Instructions:

1-अतिरिक्त 15 मिनट का समय सिर्फ प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए दिया है।

2-इस प्रश्नों को चार खंडों में विभक्त किया गया है।

3-इस प्रश्नों में कूल 4 पृष्ठ हैं।

(खंड-क)

दिए गए गद्यांश को कम से कम दो तीन बार अवश्य पढ़ ले।

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छांटकर लिखिए : **(1X5=5)**

एक जंगल में परिजात का एक पेड़ था। परिजात का कोई मुकाबला नहीं था। उसकी सुंदरता बेजोड़ थी। उसका रंग-रूप निराला था। परिजात को भी अपने गुणों का पूरा-पूरा पता था। नीले आसमान में सिर उठाए इस शान से खड़ा रहता, मानों पेड़ों का सरताज हो। जब बहार के दिन आते तो परिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से लद जाता, लगता मानों किसी ने आकाश से सारे तारे तोड़कर परिजात की शाखाओं पर टाँक दिए हो। नन्हें फूलों से झिलमिलाता परिजात जब सुगंध भरी पराग जंगल में बिखेरता तो जंगल नंदन बन जाता। चुंबक की तरह परिजात सबको अपनी तरफ़ खींचता, जिसे देखो, वही परिजात की तरफ़ भागता । सतरंगी शालें ओढ़े चटकीली तितलियाँ सहेलियों के साथ झुंड का झुंड बनाकर परिजात का श्रृंगार देखने आतीं तथा जाते-जाते फूलों को खींचकर ढेरों पराग अपने साथ ले जाती।

(क) जंगल में किसका पेड़ था? (i) नीम (ii) परिजात (iii) पीपल (iv) आम

(ख) परिजात अपने आप को स्वयं क्या समझता था? (i) पेड़ों का सरताज (ii) पेड़ों का दास (iii) ईश्वर (iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) वह अनगिनत फूलों से कब लद जाता था? (i) बहार में (ii) पतझड़ में (iii) वर्षा में (iv) सरदी में

(घ) तितलियाँ क्या करती थीं? (i) उसके फूलों का पराग ले जाती थीं (ii) फूल ले जाती थीं (iii) डालों पर गाना गाती थीं (iv) कुछ नहीं करती थीं

(ङ) इस गद्यांश का शीर्षक है (i) परिजात एक वृक्ष (ii) परिजात पेड़ों का सरताज (iii) परिजात जंगल का राजा (iv) इनमें से कोई नहीं

schools.aglasem.com

aglasem.com

(2) निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छांटकर लिखिए : **(1X5=5)**

हँसते खिलखिलाते रंग-बिरंगे फूल
क्यारी में देखकर
जी तृप्त हो गया।
नथुनों से प्राणों तक खिंच गई
गंध की लकीर-सी
आँखों में हो गई रंगों की बरसात
अनायास कह उठा दिल वाह!
धन्य है वसंत ऋतु !

(क) कवि ने किस ऋतु का वर्णन किया है? (i) पतझड़ (ii) वसंत (iii) वर्षा (iv) ग्रीष्म

(ख) रंग-बिरंगे फूलों को देखकर कवि के हृदय में कौन-सा भाव आया? (i) प्रसन्नता (ii) कृतज्ञता (iii) संतुष्टि (iv) चापलूसी

(ग) "गंध की लकीर-सी' से क्या अभिप्राय है

(i) गंध की रेखा (ii) हृदय में सुगंध की अनुभूति (iii) खुशबू (iv) सुगंध से हृदय में प्रसन्नता की अनुभूति

(घ) काव्यांश का उपर्युक्त शीर्षक होगा (i) रंग-बिरंगे फूल (ii) वसंत ऋतु (iii) गंध की लकीर (iv) रंगों की बरसात

(खंड-ख)

(3) बहुविकल्पीय प्रश्न : **(1X16=16)**

(1) संज्ञा कितने भेद के होते हैं? (क) दो (ख)चार (ग) पांच (घ) तीन

(ii) जो संज्ञा शब्द किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण, दोष, भाव दशा का बोध कराएं ?

(क) जातिवाचक (ख) भाववाचक (ग) संज्ञा (घ) द्रव्यवाचक

(2) पुल्लिंग को स्त्रीलिंग में बदलिए:

(i) शिष्य - (क) शिष्या (ख) शिष्यातव (ग) शिष्यता (घ) शिष्य

(ii) छात्र- (क) छात्रों (ख) छात्रा (ग) छात्री (घ) छात्रें

(3) एकवचन को बहुवचन में बदलिए:

(i) वस्तु- (क)वस्तुओ (ख) वस्तुएं (ग) वस्तों (घ) वस्तु

(ii) पंख- (ख) पंखा (ख) पंखो (ग) पंखे (घ) पखा

(4) रिक्त स्थानों में सही कारक भरिए :

(i) सूरज गाड़ी _____ जा रही हैं। (क) पर (ख) को (ग) से (घ) पर

(ii) राम_____ यहां नहीं आना चाहिए था । (क)से (ख) में (ग) को (घ) ने

(5) निम्नलिखित वाक्य में से कौन सा सर्वनाम हैं

(i) कोई आ रहा हैं। (क)प्रश्नवाचक (ख)पुरूषवाचक (ग) संबंधवाचक (घ)अनिश्चयवाचक

(ii) मैं रोज़ स्कूल जाता हूं। (क) प्रश्नवाचक (ख) पुरुषवाचक (ग) संबंधवाचक (घ) निजवाचक

(6)

(i) भाषा के कितने भेद होते हैं? (क) 1 (ख) 2 (ग) 3 (घ) 4

(ii) हमारे देश की राजभाषा है? (क) अंग्रेजी (ख) संस्कृत (ग) हिन्दी (घ) पंजाबी

schools.aglasem.com
aglasem.com

(7)

(i) वर्ण के कौन-कौन से प्रकार के होते हैं (क)मौखिक-लिखित (ख)लिपि- वर्ण (ग)स्वर-व्यंजन (घ)पुलिंग-स्त्रीलिंग

(ii) स्वर के कितने भेद होते हैं? (क) 2 (ख) 4 (ग) 6 (घ) 8

(8)

(i) तत्सम शब्द है -(क) अश्रु (ख) आम (ग) काज (घ) मुंह

(ii) बंदर शब्द हैं -(क) तत्सम (ख) देशज (ग) तद्भव (घ) विदेशज

(4) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छांटकर लिखिए: (1X5=5)

सब लोग आपस में बराबर है इस बात का लोगों ने गलत अर्थ लिया है। इसका मामूली अर्थ यह है कि सबको विकास का समान अवसर मिलना चाहिए, यह नहीं की अवसर की प्रतिक्षा के बिना जो जहां चाहे, वहां इच्छा मात्र से पहुंच जाए। अफसर कोई ऐसी चीज नहीं है जो रोटी दाल की तरह सबके सामने भरोसा जा सके। उसे पाने के लिए अपने गुणों का विकास करना होता है ;तत्परता, मुस मुस्तैदी और धीरता भी सीखनी होती है और उम्र तथा अनुभवों का भी इंतजार करना पड़ता है।जिस जगह पर आदमी धीरे-धीरे और बड़ी कोशिशें के बाद पहुंचता है,उस जगह पर अब लोग छलांग मारकर पहुंच जाना चाहते हैं।

(क) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया हैं ?

(ख) लोगों ने किन बातों का गलत अर्थ लिया है?

(ग) अवसर कैसी चीज़ होती है?

(घ) कैसे लोग छलांग मारकर पहुंच जाना चाहते हैं?

(ड़) समाज को बेहतर कैसे बनाया जा सकता हैं?

(5) निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पछे गए प्रश्नों के सही उत्तरछांटकर लिखिए : (1X5=5)

तापित को सिनगध करें
प्यासे को चैन दे,
सूखे हुए अंधेरे को
फिर से जो बैन दे,
ऐसा सभी पानी है।
लहरों के आने पर
काई-सा फटे नहीं,
रोटी के लालच में
तोते-सा रटे नहीं,
प्राणी वही प्राणी है।

(क) इस कविता के कवि का क्या नाम हैं ?

(ख) लहरें किसकी प्रतिक हैं ?

(ग) मनुष्य का जीवन पानी जैसा क्यों होता है?

(घ) कवि पंक्ति में क्या -कया नहीं करने का सुझाव दे रहा हैं?

(ड़) " तोते-सा रटे नहीं " कवि का क्या भाव हैं ?

schools.aglasem.com
aglasem.com

(6) निम्नलिखित पठित कविता को पढ़कर पछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छांटकर लिखिए : **(1X5=5)**

माथे को फूल जैसा
अपने चढ़ा दे जो, रुकती-सी दुनिया को
आगे बढ़ा दे जो,मरना वही अच्छा है।
प्राणी का वैसे और
दुनिया में टोटा नहीं,
कोई प्राणी बड़ा नहीं
कोई प्राणी छोटा नहीं।

(i) यह पंक्ति किस कविता से लिया गया है? (क) उड़ चल हरील (ख) प्राणी वही प्राणी हैं (ग) हाई स्कूल में

(ii) इस पंक्ति के कवि का नाम क्या है? (क) अज्ञेय (ख) भवानी प्रसाद मिश्र (ग) महादेवी वर्मा

(iii) " रुकती सी दुनिया " कैसी होती है ? (क) खूबसूरत (ख) नीरस (ग) सरल

(iv) "कोई प्राणी बड़ा नहीं, कोई प्राणी छोटा नहीं" इस पंक्ति में कवि क्या व्यक्त करना चाहते हैं?

(क) सभी समान है (ख) सभी समान नहीं है (ग) कुछ प्राणी समान है।

(v) "दुनिया" शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन सा है? (क) विशाल (ख) संसार (ग) निराकार

(खंड- ग)

(7) निम्नलिखित लघु प्रश्न उत्तर गद्य पाठ के आधार पर। **(2X3=6)**

(क) दोराबजी एदलजी गीमी कौन थे ? उन्होंने ऊंचे दरजे के विद्यार्थीयों के लिए क्या लाजिमी कर दी थी ?

(ख) सराई स्टेशन पर बहुत से लोग क्या पुकारते घूम रहे थे ?

(8) निम्नलिखित लघु प्रश्न उत्तर कविता पाठ के आधार पर। **(2X3=6)**

(क) सच्चा प्राणी किसके डराए से नहीं डरता ?

(ख) हारिल कौन हैं ? उसकी क्या विशेषता है?

(9) निम्नलिखित दीर्घ प्रश्न उत्तर गद्य पाठ के आधार पर। **(2X4=8)**

(क) "कल कितना अपना था, आज कितना पराया है।" किसने सोचा? क्यों ?

(ख) बराबरी के सिद्धांत का वास्तविक अर्थ क्या है ? लोग इस सामानता के अधिकार का क्या अर्थ लगा रहे हैं ?

(10) निम्नलिखित दीर्घ प्रश्न उत्तर पाठ पद्य के आधार पर। **(2X4=8)**

(क) पहले पद में तिनके को 'औछा' और 'अंतिम' पद में 'पावन' क्यों कहा गया है?

(ख) जीवन के उतार-चढ़ाव में मनुष्य की मनोदशा कैसी होनी चाहिए?

(खंड-घ)

(11) निम्नलिखित विषय पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए? " हिन्दी हमारी राजभाषा " **(1X6=6)**

(12) आप 21/, बेहाला, कोलकाता, में रहने वाले राहुल हैं, अपने मामा जी को पत्र लिखकर उनके द्वारा आपके जन्मदिन पर भेजे गए उपहार के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक धन्यवाद पत्र लिखिए। **(1X5=5)**

schools.aglasem.com
aglasem.com

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers